# YDC ACTIVITIES 2018-19



# YDC ACTIVITIES 2018-19



व्याख्यानमाला • गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल शिक्षा पर व्याख्यानमाला

## युवा पीढ़ी के विकास में डिजिटल शिक्षा श्रेष्ठतम आयामः तिवारी

## व्याख्यानमाला का किया आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को युवा विकास केन्द्र के अन्तर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जयराम खटीक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता मनीष पाठक ने ई-गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान दिया। राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को सुविधा और पारदर्शिता हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित ई-मित्र के बारे में जानकारी दी। ई-मित्र में मूल-निवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि बनाये तथा सुधारे जाते हैं। इनके अलावा ई-मित्र से पानी का बिल, बिजली का बिल, मोबाईल तथा टेलिफोन के बिल ऑनलाईन अर्थात सीधे ही भर सकते है। ई-मित्र का प्राथमिक उद्देश्य सभी विभागों से एक छत के नीचे जनता को एक कुशल, पारदर्शी, सुविधाजनक और मैत्रीपूर्ण तरीके से एकीकृत नागरिक सेवाएं प्रदान करना है। नागरिक ई-मित्र कियोस्क या इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते है। कार्यक्रम का संचालन युवा विकास केन्द्र प्रभारी विनोद मीणा ने किया।

## गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा समन्वयक पर व्याख्यान

बूंदी. गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को आयोजित व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्राएं।

भास्कर न्यूज | बूंदी

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को युवा विकास केंद्र के तहत व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. पीके सालोदिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पीजी कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. दिलीपकुमार राठौर और डॉ. पदमचंद भाटी रहे। इन्होंने कंसोर्टियम एजुकेशनल कम्युनिकेशन विषय पर व्याख्यान दिया। इसके माध्यम से उन्होंने छात्राओं को बताया कि इस साइट पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं से संबंधित वीडियो उपलब्ध है, जो बिल्कुल नि:शुल्क है।

छात्राएं इस पर नि:शुल्क लॉग इन करके विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रयोगों की विषय सामग्री व वीडियो देख सकती है। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक के दौर में छात्राओं को भी शिक्षा से संबंधित एडवांस होने की जरूरत है। इसका उपयोग कर वे अपना बेहतर कॅरिअर बना सकती है। कार्यक्रम का संचालन युवा विकास केंद्र प्रभारी विनोदकुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सह आचार्य आर. काग्गवाल एवं वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान और सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यानमाला, छात्राओं को स्वयं पोर्टल डाउनलोड करना बताया

बूंदी. राजकीय गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को युवा विकास केंद्र के तहत व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. पीयूष कुमार सालोदिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आयुष गौतम व अजय कुमार वशिष्ठ थे। उन्होंने स्वयं पोर्टल का परिचय बताते हुए उसे डाउनलोड करने की प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इस पोर्टल के माध्यम से पाठ्यक्रम को तैयार करने वाली संस्थाएं जैसे एनपीटीईएल, सीईसी, यूजीसी, एनसीईआरटी, आईआईएमबी, आईजीएनओयू के बारे में बताया। ये संस्थाएं इंजीनियरिंग, स्नातक एवं स्कूली शिक्षा व दूरस्थ शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार करवाती है।

बूंदी. गर्ल्स कॉलेज में स्वयं पोर्टल की कार्यशाला में भाग लेती छात्राएं।

## कॉलेज छात्राओं को समझाई पढ़ाई की नई तकनीक

## आधुनिक दौर में युवा विकास का आधार डिजिटल शिक्षा

## गर्ल्स कॉलेज में बताए ई-मित्र सेवा के फायदे

### ई-गवर्नेंस विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन

बूंदी। गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को युवा विकास केंद्र के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जयराम खटीक ने की। मुख्य वक्ता मनीष पाठक थे। उन्होंने ई-गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान दिया। राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को सुविधा और पारदर्शिता के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित ई-मित्र के बारे में जानकारी दी। ई-मित्र में मूलनिवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड, आधार कार्ड बनाए और सुधारे जाते हैं। इनके अलावा ई-मित्र से पानी का बिल, बिजली का बिल, मोबाइल तथा टेलीफोन के बिल ऑनलाइन अर्थात सीधे ही भर सकते हैं। ई-मित्र का प्राथमिक उद्देश्य सभी विभागों से एक छत के नीचे जनता को एक कुशल, पारदर्शी, सुविधाजनक और मैत्रीपूर्ण तरीके से एकीकृत नागरिक सेवाएं देना है। नागरिक ई-मित्र कियोस्क या इंटरनेट के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन युवा विकास केंद्र प्रभारी विनोदकुमार मीणा ने किया।

## युवा वर्ग के लिए ई कॉमर्स की उपयोगिता

### हुई व्याख्यानमाला